करलौ गणपति का गुणगान

करलौ गणपति का गुणगान
धुनः घर आया मेरा परदेसी

सब देवों में देव महान ।
करलौ गणपति का गुणगान ।।

पार्वती का प्यारा है । शिव शम्भु का दुलारा है ।।
आद गणेश सुखों की खान - करलौ गणपति...

गणपति देव निराला है। बहुत ही भोला भोला है ।।
मंगल मूर्त्त दया निधान - करलौ गणपति...

मंगल भवन में वास करे । सब की पूर्ण आस करे ।।
मुंह मांगा देवे वरदान - करलौ गणपति ...

रिद्ध-सिद्ध देवनहारा है । संकट मोचन हारा है ।।
करत 'मधुप' सब का कल्याण- करलौ गणपति...

कवि : सुप्रसिद्ध लेखक एवं संकीर्तनाचार्य श्री केवल कृष्ण **'मधुप'** (मधुप हरि जी महाराज) अमृतसर (9814668946)

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36910/title/karlau-Ganpati-ka-gungan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |